INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: VIII	Department: Hindi (2nd Lang)	Date :11.10.23
Study Material-4	Topic: - प्रत्यय, अनेकार्थी शब्द, मुहावरे	Note: Pls. write in your Hindi note book

I.निम्नलिखित प्रत्ययों से दो-दो शब्द बनाइए-

क्रमांक	प्रत्यय	मूल शब्द	प्रत्यय से बने शब्द
1	अक	पाठ,धाव	पाठक,धावक
2	कार	कहानी, कथा	कहानीकार, कथाकार
3	पा	बूढ़ा, मोटा	बुढ़ापा, मोटापा
4	इमा	लाल, काला	लालिमा, कालिमा
5	इन	माली,धोबी	मालिन, धोबिन
6	इका	गायक, नायक	गायिका, नायिका
7	त्व	देव, गुरु	देवत्व ,गुरुत्व
8	आना	साल, रोज़	सालाना, रोज़ाना
9	नाक	खतरा, खौफ़	खतरनाक, खौफ़नाक
10	खोर	सूद,रिश्वत	सूदखोर,रिश्वतखोर

II.अनेकार्थी शब्द

1	अंक	संख्या, गोद
2	उत्तर	दिशा विशेष, जवाब
3	कनक	सोना, गेहूँ
4	अंबर	आकाश, वस्त्र
5	अरुण	लाल रंग, सिंदूर
6	कर	हाथ, टैक्स
7	पत्र	चिट्ठी, पत्ता
8	तीर	किनारा, बाण
9	घट	घड़ा, शरीर
10	मत	वोट, नहीं
11	नाग	सर्प, हाथी
12	आम	एक फल, साधारण

III.मुहावरे-

1. **आग में घी डालना -(क्रोध को बढ़ाना)-**पिता पहले से ही नाराज़ थे और तुम्हारी शिकायत ने तो आग में घी डाल दिया ।
2. **कानोकान खबर न होना (बिलकुल खबर न होना) -**बदनामी के डर से मेहता जी कब दिल्ली छोड़कर चले गए, किसी को कानों कान खबर नहीं हुई।

3.अपने पाँव पर कुल्हाड़ी मारना (स्वयं अपने लिए मुसीबत पैदा करना)- राजू!उस गुंडे से दुश्मनी मोल लेकर तुम अपने पाँव पर कुल्हाड़ी क्यों मार रहे हो।

4.कलेजा ठण्डा होना (सुख-संतोष मिलना)- जब रवि की नौकरी लग गई तब उसकी माँ का कलेजा ठण्डा हुआ।

5.कोल्हू का बैल (अत्यधिक परिश्रमी व्यक्ति)- धीरू हमेशा काम में ही लगा रहता है, वह तो कोल्हू का बैल है।

6-**एक आँख न भाना** (बिल्कुल अच्छा न लगना) राजेश का खाली बैठना उसके पिताजी को एक आँख नहीं भाता।

7.एड़ी चोटी का जोर लगाना - (किसी कार्य को करने के लिए कठिन परिश्रम करना) मोहन को अपनी कक्षा में प्रथम आना था, इसलिए उसने एड़ी चोटी का जोर लगा दिया।

8-सिर धुनना (पछताना) - छात्र अपना खराब परीक्षाफल देखकर सिर धुनने लगा।

9-कान भरना (चुगली करना)- मोहल्ले की बूढ़ियाँ एक-दूसरे के विरुद्ध कान भरती रहती हैं।

10. बाएँ हाथ का खेल(बहुत आसान काम)-आजकल राजनीतिज्ञों के लिए क्षण-क्षण ज़बान बदलना बाएँ हाथ का खेल हो गया है ।

IV.गुण संधि

नियम-1

ह्रस्व (अ) या दीर्घ (आ) के बाद किसी भी ढंग से इ या ई आए तो संधि करने पर 'ए' हो जाएगा | जैसे -

अ+इ=ए- नर+इंद्र= नरेंद्र अ+ई=ए- नर+ईश= नरेश

आ+इ=ए- महा+इंद्र= महेंद्र आ+ई=ए- महा+ईश= महेश

नियम-2

ह्रस्व(अ) या दीर्घ (आ) के बाद किसी भी ढंग से उ या ऊ आए तो संधि करने पर 'ओ' हो जाएगा । जैसे –

अ+उ =ओ = ज्ञान + उपदेश= ज्ञानोपदेश

आ+उ=ओ = महा+उत्सव= महोत्सव

अ+ऊ=ओ = जल+ऊर्मि= जलोर्मि

आ+ऊ=ओ = महा+ऊर्मि= महोर्मि

नियम-3

ह्रस्व (अ)या दीर्घ (आ) के बाद ऋ आए तो संधि करने पर 'अर्' हो जाएगा| जैसे –

अ+ऋ= अर्= देव+ऋषि = देवर्षि

आ+ऋ=अर्= महा+ऋषि = महर्षि

अभ्यास कार्य

संधि कीजिए-

1- सूर्य + उदय =

2- महा + उत्सव =

3- लोक + उक्ति =

4- वीर +उचित =

5- पर + उपकार =

6- राजा + ऋषि =

संधि-विच्छेद कीजिए -

1.धर्मार्थ =

2.ज्ञानोपदेश =

3.मतानुसार =

4.सतीश =

5.शुभेच्छा =

6.चंद्रोदय =

7.हितोपदेश =

==